**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 14.01.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **सेना दिवस पर कल जयपुर में भव्य आयोजन होगा–आर्मी परेड में देश के गौरव और शक्ति को प्रदर्शित किया जाएगा–मुख्यमंत्री ने इसे प्रदेश के लिए गर्व का दिन बताया।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कल नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।**
- **सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति आज धार्मिक उल्लास से मनाया गया–जयपुर सहित कई स्थानों पर पतंगबाजी का उत्साह।**
- **प्रदेशभर में कड़ाके की सर्दी का असर कम हुआ–अगले सप्ताह पूर्वी राजस्थान में मावठ की संभावना।**

000

राष्ट्र, कल देश के स्वाभिमान और आन–बान को प्रदर्शित करता सेना दिवस मनाएगा। इस बार सेना दिवस की मुख्य परेड जयपुर में आयोजित की जा रही है। इस उपलक्ष्य में जगतपुरा में महल रोड़ पर देश के गौरव और शक्ति को प्रदर्शित करती आर्मी परेड आयोजित की जाएगी। इसमें भारतीय सेना के जवान अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देंगे। इस दौरान सेना की आधुनिक सैन्य और युद्धक क्षमता का व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से विकसित मिसाइल प्रणालियां, अत्याधुनिक टैंक, सैन्य वाहन, ड्रोन, एंटी एयर और एंटी टैंक हथियारों के माध्यम से सेना की सामरिक शक्ति की जीवंत झांकी प्रस्तुत की जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर की झांकी, ब्रह्मोस मिसाइल, हेलिकॉप्टर आधारित हथियार प्रणाली तथा रोबोटिक डॉग्स भी इस परेड का मुख्य आकर्षण रहेंगे। आर्मी परेड को लेकर जिला प्रशासन और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज शहर का दौरा कर व्यवस्था का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आर्मी डे परेड के जयपुर में हो रहे आयोजन को प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात बताते हुए इसे प्रदेश की शौर्य गाथा को आगे ले जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक आयोजन, राष्ट्रभक्ति, सम्मान और गौरव की भावना को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

000

आज सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर देश को अपना सर्वस्व देकर कर्तव्य पालन करने वाले सैनिकों को सम्मान दिया गया। विभिन्न सैन्य स्टेशनों और संगठनों की ओर से कार्यक्रम रखे गये। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ, सामूहिक साहस के प्रतीक और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र निर्माण के हर मोर्चे पर योगदान देते हैं और अनुशासन, नेतृत्व और साहस जैसे गुणों से समाज का मार्गदर्शन करते हैं। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों की वर्दी का रंग और कार्यस्थल भले ही बदल जाए, लेकिन देशभक्ति और सेवा की भावना वही रहती है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कल नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में 42 राष्ट्रमंडल देशों और चार अर्ध–स्वायत्त देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन में मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं को बनाए रखने में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका सहित समकालीन संसदीय मुद्दों पर व्यापक रूप से चर्चा होगी। सम्मेलन में संसदीय कामकाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, सांसदों पर सोशल मीडिया का प्रभाव, संसद के बारे में लोगों की समझ बढाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर भी विचार विमर्श होगा।

000

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वतमाला में पारिस्थितिक संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण और अवैध खनन को रोकने के लिए अरावली की लगभग 97 किलोमीटर राजस्व भूमि को स्थायी संरक्षित वन घोषित किया गया है। आज नई दिल्ली में अरावली परिदृश्य के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश भर में 26 करोड़ हेक्टेयर खराब भूमि के पुनर्स्थापन के मिशन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के अंतर्गत 6 लाख 45 हजार हेक्टेयर खराब भूमि की पहचान की गई है, जिसमें से 2 लाख 70 हजार हेक्टेयर भूमि का पुनर्स्थापन गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में किया जा रहा है।

000

सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति आज देश–प्रदेश में धार्मिक उल्लास और पारम्परिक उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने सरावरों में पवित्र स्नान किया और दान–पुण्य कर जरूरतमंदों की मदद की। पशुओं को चारा खिलाया गया। वहीं मंदिरों में भगवान को तिल के व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रदेश में कई स्थानों पर मकर संक्रांति पर परम्परागत रूप से पतंगबाजी की गई। जयपुर की विश्व प्रसिद्ध पतंगबाजी को देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। पर्यटन विभाग की ओर से जलमहल की पाल की पर पतंग उत्सव रखा गया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पतंग उड़ाकर आमजन को संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ये पर्व आपसी सद्भाव, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन में नई उमंग भरने का दिन है। मकर संक्रांति पर जयपुर में दिनभर विशेष उल्लास बना रहा। वहीं बच्चों के साथ बड़ों ने भी छतों पर दिनभर पतंगबाजी का आनंद लिया। एक रिपोर्ट –

..............

प्रदेश में रह रहे दक्षिण भारत के लोगों ने आज परम्परागत रूप से पोंगल उत्सव मनाया। वहीं कोटा में बंगाली समाज के लोगों ने गंगा के वाहन माने जाने वाले मगरमच्छ की मूर्ति की पूजा की। इस अवसर पर शहर में दिनभर पतंगबाजी का दौर चला। चूरू में परम्परागत रूप से दुकानदारों ने तुला दान किय। वहीं मारवाड़ क्षेत्र के जिलों में सुहागिनों ने 13 वस्तुओं के दान की प्रथा निभाई। भीलवाड़ा के धनोप में रियासत काल से चली आ रही दड़ा प्रथा निभाई गई। इसके जरिये ग्रामीणों ने आने वाले साल की भविष्यवाणी को लेकर अटकलें लगाई।

000

सीकर में जयपुर–बीकानेर राजमार्ग पर फतेहपुर के पास आज एक सड़क दुर्घटना में छह महिलाओं की मृत्यु हो गई। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि हादसे में दो महिलाएं और एक पुरूष घायल हो गये, जिन्हें सीकर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास आज कोटपूतली–बहरोड़ जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने बानसूर में पीएम कुसुम योजना के तहत बने सोलर पॉवर प्लांट का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया। मुख्य सचिव ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली और सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

000

पौष माह बीतने के साथ ही इन दिनों प्रदेशभर में कड़ाके की सर्दी का असर कुछ कम हुआ है। बीते कुछ दिनों से तापमान में मामूली बढ़ोतरी से लोगों को राहत मिली है। हालांकि शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में अब भी न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे कम 1 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस बीकानेर के लूणकरणसर में दर्ज किया गया।

विभाग के अनुसार राज्य के ज्यादातर इलाकों में इस सप्ताह मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद भरतपुर और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर मावठ की संभावना है। विभाग ने अगले सप्ताह उत्तरी भागों में कहीं–कहीं ठंडी हवाएं चलने और कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना व्यक्त की है। इधर, सरहदी जिलों और शेखावाटी क्षेत्र में आज भी कई जगह कोहरे का असर बना रहा। हमारी हनुमानगढ़ संवाददाता ने बताया कि जिले में दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

..............

इस बीच, माउंट आबू में पड़ रही सर्दी का आनंद लेने के लिए राजस्थान और पड़ौसी राज्य गुजरात से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे हैं।

000

पशु–पक्षियों के उपचार और इनसे जुड़ी योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए आज से पशु कल्याण जागरुकता माह की शुरूआत हुई। इस दौरान प्रदेशभर में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पशुओं से जुड़ी विभिन्न बीमारियों तथा पशु टीकाकरण, गर्भाधान और बधियाकरण जैसे कार्य किये जाएंगे। शिविरों में पालतु पशुओं का रजिस्ट्रेशन कर बीमा पॉलिसी का लाभ दिया जाएगा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज पंवार ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से पशुओं के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर ये शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

000